दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्व का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480|| Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 15 जुलाई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-283

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली मेट्रो की मेजेंटा लाइन सेवा बाधित

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली मेट्रो की मेजेंटा लाइन पर तकनीकी खराबी के कारण ट्रेन सेवा बाधित हो गई जिससे कई यात्री 20 मिनट तक स्टेशनों पर फंसे रहे। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने ट्वीट किया, आर.के. पुरम और कालकाजी के बीच अस्थाई तौर पर सिंगल लाइन पर ट्रेन चल रही है। डीएमआरसी के अनुसार, दो लूपों-जनकपुरी वेस्ट और आर.के. पुरम स्टेशनों तथा बोटेनिकल गार्डन और कालकाजी मेट्रो स्टेशनों के बीच अस्थाई तौर पर ट्रेन सेवा चल रही है। इस अवरोध के कारण कई यात्रियों ने आक्रोश जाहिर किया और डीएमआरसी द्वारा प्लेटफॉर्म्स के बजाय ट्विटर पर सूचना जारी करने के लिए ट्विटर पर डीएमआरसी पर तीखे हमले शुरू कर दिए।

### अफगानिस्तान में 16 तालिबान आतंकवादी ढेर

**मास्को।** अफगानिस्तानी सुरक्षा बलों ने देश के बल्ख प्रांत में 16 तालिबान आतंकवादियों को मार गिराया और 10 अन्य को घायल कर दिया। खामा प्रेस न्यूज एजेंसी की शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार तालिबान ने शुक्रवार को प्रांत में अफगानिस्तानी सुरक्षा बलों के एक ठिकाने पर हमला किया जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच संघर्ष शुरू हो गया। न्यूज एजेंसी के अनुसार सुरक्षा बलों ने इस हमले का सफलतापूर्वक सामना किया और इसमें किसी जवान की मौत नहीं हुई।

### विपक्ष के 107 विधायक बीजेपी में होंगे शामिल

**» मुकुल रॉय ने कहा**

**कोलकाता (आरएनएस)।** कर्नाटक का राजनीतिक संकट अभी खत्म नहीं हुआ है वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने दावा किया है कि पश्चिम बंगाल के 107 विधायक उनके संपर्क में हैं। कोलकाता में एक प्रेस वार्ता के दौरान बीजेपी नेता मुकुल रॉय ने कहा, सीपीएम, कांग्रेस और टीएमसी के पश्चिम बंगाल के 107 विधायक भाजपा में शामिल होंगे। हमारे पास उनकी सूची तैयार है और वे हमारे संपर्क में हैं। इससे पहले गोवा में 10 कांग्रेस विधायक बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुए थे। इसके ठीक दो दिन बाद यह खबर आ रही है। पिछले काफी समय से बीजेपी और टीएमसी के बीच संघर्ष चल रहा है। इस बीच पिछले महीने कई टीएमसी नेताओं ने बीजेपी का दामन थाम लिया था। जिसपर ममता बनर्जी ने बयान जारी करके पार्टी ने नेताओं को चेतावनी दी थी। ममता बनर्जी ने कहा था, कुछ नेता इस उम्मीद से ऐसे कदम उठा रहे हैं कि उनके पाप धुल जाएंगे। लेकिन वे बहुत बड़े भ्रम में हैं। ऐसा कभी नहीं होने वाला है। अगर किसी ने अपराध किया है तो उसे उसके नतीजे भुगतने पड़ेंगे। चाहे उसे किसी भी पार्टी का समर्थन क्यों न प्राप्त हो।

### अफगानिस्तान के होटल में बम धमाका, तीन की मौत

**हेरात (अफगानिस्तान)।** पश्चिमी अफगानिस्तान के बादगिस प्रांत में स्थित एक होटल में हमलावरों का एक समूह प्रवेश कर गया, जहां गोलीबारी में सुरक्षा बल के तीन जवान मारे गए । एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी । यह हमला बादगिस प्रांत की राजधानी कलाए नाव में लगभग पौने एक बजे शुरू हुआ, जब कुछ हमलावरों का एक समूह होटल में प्रवेश कर गया। उनमें से कुछ ने आत्मघाती जैकेट पहना हुआ था । बादगिस प्रांतीय परिषद के प्रमुख अजीज बेक ने बताया, ''हमलावर होटल में घुस आये जहां सुरक्षा बलों के साथ उनकी मुठभेड़ हो गयी ।'' बेक ने बताया, ''अबतक सुरक्षा बल के तीन जवान मारे गए हैं जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं ।'' उन्होंने बताया कि पास के स्कूलों से बच्चों को निकाल लिया गया है और शहर में विस्फोटों की आवाज सुनी जा सकती है । आंतरिक मामलों के मंत्रालय के प्रवक्ता नसरत रहीमी ने कहा कि आत्मघाती हमलावरों का समूह होटल में घुस गया और उनलोगों ने आम लोगों पर गोली बारी शुरू कर दी । उन्होंने बताया कि पुलिस ने इमारत को घेर लिया है ।

# सुप्रीम कोर्ट को मिलेगी एक और बिल्डिंग

## राष्ट्रपति कोविंद 17 को करेंगे उद्घाटन



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट को एक और नई काफी बड़ी बिल्डिंग बुधवार को मिल जाएगी. 17 जुलाई की शाम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद इस नई बिल्डिंग का उद्घाटन करेंगे. 12.19 एकड़ में करीब 885 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस बिल्डिंग में 15 लाख 40 हजार वर्ग फीट जगह उपलब्ध होगी.

सुप्रीम कोर्ट के पास सड़क के दूसरी तरफ प्रगति मैदान के साथ अप्पू घर को हटाकर नई बिल्डिंग बनाई गई है. जबकि नई बिल्डिंग सुप्रीम कोर्ट की पुरानी बिल्डिंग से जुड़ी रहेगी, जिसका रास्ता भूमिगत बना हुआ है.

सुप्रीम कोर्ट का सारा प्रशासनिक काम, मुकदमों की फाइलिंग, कोर्ट के आदेशों और फैसलों की कापियां लेने आदि सभी काम पुरानी बिल्डिंग से इस नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो जाएगा. यह नहीं यहां 2000 कारों के लिए तीन मंजिला पार्किंग होगी और वकीलों को अपने लिए 500 नए चैंबर मिलेंगे. इस बिल्डिंग में 650 और 250 लोगों की क्षमता वाले दो ऑडिटोरियम और एक बड़ा राउंड टेबल कांफ्रेंस रूम बनाया गया है. मुकदमों की सुनवाई करने वाली अदालतें पुरानी बिल्डिंग में ही रहेगी, साथ ही चीफ जस्टिस और अन्य जजों के आफिस भी पुरानी बिल्डिंग में बने रहेंगे. भारतीय सुप्रीम कोर्ट की शुरुआत 28 जनवरी 1950 को हुई थी, तब कोर्ट का काम संसद भवन के कुछ हिस्से में होता था, जो आठ साल बाद 1958 में सुप्रीम कोर्ट की अपनी बिल्डिंग में आ गया. सुप्रीम कोर्ट में कुल 31 जजों के पद हैं और इन सभी पदों पर नियुक्ति है, जो सभी अदालतें पुरानी बिल्डिंग में कार्यरत हैं.

## पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद दो गिरफ्तार



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने शनिवार को पश्चिमी दिल्ली के विकास पुरी इलाके में गोलीबारी के बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान हरियाणा के रोहतक के रहने वाले राहुल (20) और दीपक (20) के रूप में हुई है। राहुल का नाम कई आपराधिक मामलों में पहले से शामिल है और उस पर 50 हजार का इनाम रखा हुआ था। पुलिस के अनुसार, उन्हें आरोपियों के बारे में सूचना मिली जिसके बाद उसे पकड़ने के लिए विकास पुरी के गंदा नाला रोड के पास एक जाल बिछाया गया। शाम के करीब 8.25 बजे रिंग रोड पर विकास पुरी की ओर से एक सफेद रंग की कार आती दिखी। कार को रुकने का इशारा किया गया लेकिन चालक ने गाड़ी की रफ्तार तेजकर भागने की कोशिश की। पुलिस कर्मियों ने कार का पीछा किया और बाद में उसे घेर लिया। आत्मसमर्पण करने के लिए कहने पर, आरोपी ने पुलिस पर कथित रूप से गोलीबारी शुरू कर दी।

अधिकारियों ने कहा कि दो गोलियां निरीक्षक संजीव और उप निरीक्षक गोपाल के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगीं। पुलिस ने आरोपियों पर नौ राउंड गोलियां चलाई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## शादी में मेहमानों की संख्या होगी तय, गरीबों को मिलेगा बचा खाना

**» फिजूलखर्ची पर दिल्ली सरकार ने बनाई नई पॉलिसी**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अगर आप देश की राजधानी दिल्ली में रहते हैं और आपके घर में या फिर आपके किसी रिश्तेदार के घर में शादी समारोह होने जा रहा है तो सतर्क हो जाइए। दरअसल दिल्ली सरकार ऐसी पॉलिसी बनाने की तैयारी में है जिसमें शादी में आने वाले मेहमानों की संख्या भी तय की जा सकेगी। साथ ही शादी में अगर खाना बचता है तो उसे ऐसे लोगों को दिया जाए जोकि गरीब व जरूरतमंद हैं। सरकार ने इस पॉलिसी की जानकारी शादियों में होने वाले खाने और पानी की बर्बादी पर सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नाराजगी जताने पर दी। पॉलिसी में शादी के कारण ट्रैफिक बाधित न होने पर फोकस किया जाएगा। सूत्रों की मानें तो पॉलिसी का अब तक का जो ड्रॉफ्ट तैयार किया गया है उसमें कार्यक्रम स्थल के मुताबिक मेहमानों की संख्या बताई जाएगी और इसमें पार्किंग पर भी ध्यान रखा जाएगा। अगर नियमोंका उल्लंघन होता है तो भारी जुर्माना भी लग सकता है।

पहली बार उल्लंघन करने पर 5 लाख और दूसरी बार उल्लंघन करने पर 15 लाख जुर्माना और तीसरी बार उल्लंघन पर लाइसेंस भी कैंसल किया जा सकता है। पॉलिसी के तहत बचा हुआ खाना वंचितों में वितरित किया

## एयरपोर्ट पर बसों ने लगाई रेस, कई यात्री घायल



**नईदिल्ली,14 जुलाई (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर यात्रियों से भरी दो एयरलाइंस की बसें आपस में रेस लगाते हुए टकरा गई। मामले में कई यात्री घायल हो गए हैं। सूचना मिलने पर एयरपोर्ट पुलिस मौके पर पहुंची.

पुलिस के अनुसार घटना शनिवार शाम 4 बजे टर्मिनल 2 के पास हुई. इस दौरान दो एयरलाइंस की बसें एयरपोर्ट पहुंचे विमानों से यात्रियों को लेकर टर्मिनल तक जा रही थीं और दोनों ने आपस में रेस लगानी शुरू कर दी. जब यात्रियों ने ऐसा करने से मना किया तो ड्राइवरों ने गाड़ी को और भगाना शुरू कर दिया. बाद में यह दोनों बसें टकरा गई. हादसे में दो यात्रियों की आंख पर और एक के चेहरे पर चोट लगी है जिनका उपचार किया जा रहा है.

लोगों ने बताया कि पहले तो पुलिस को जानकारी देने से भी बचा जा रहा था. लेकिन बाद में जब यात्रियों ने दबाव डाला तो पुलिस को जानकारी दी गई. पुलिस अब जांचकर रही है कि दोनों ही ड्राइवरों के पास वैध कमर्शियल लाइसेंस था कि नहीं और किसी ने नशा तो नहीं कर रखा था. लोगों ने बताया कि दोनों ही ड्राइवर एयरपोर्ट पर बस चलाने वाले नहीं लग रहे थे. पुलिस को शक है कि हैल्पर यह बस चला रहे थे. मामले की अभी जांच की जा रही है.

बताया जा रहा है कि दोनों ही ड्राइवरों ने बस को तय रूट से अलग भी दौड़ाया था. बसों को उनके तय रूअ पर चलाया जाता है क्योंकि एयर साइड में पार्किंग वे के अलावा भी विमान खड़े रहते हैं. ऐसे में यदि कोई भी बस विमान से टकरा जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था. फिलहाल दोनों ड्राइवरों पर क्या कार्रवाई की गई है इसकी जानकारी नहीं है।

## नवजोत सिंह सिद्धू ने अमरिंदर कैबिनेट से दिया इस्तीफा

**» कांग्रेस को बड़ा झटका**



**चंडीगढ (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने रविवार को पंजाब मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। उनका लंबे समय से मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह से मतभेद चल रहा था और हाल ही में मंत्रिमंडल के पुनर्गठन में उनका विभाग बदल दिया गया था।

नवजोत सिंह सिद्धू ने अपना इस्तीफा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भेज दिया है। उन्होंने ट्वीट कर रविवार को इसकी जानकारी दी। सिद्धू ने बताया कि वह अपना इस्तीफा 10 जून को दे दिया था, लेकिन खुलासा आज किया। इसके साथ ही सिद्धू ने यह भी कहा कि वह जल्द ही अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को भी भेजेंगे।

बता दें कि उन्होंने अपने नए मंत्रालय का कार्यभार भी नहीं संभाला था। सिध्दू का मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के साथ गतिरोध लगातार जारी था। सीएम ने 6 जून को सिद्धू से स्थानीय प्रशासन और पर्यटन तथा सांस्कृति विभागों का प्रभार छीन लिया था और उन्हें बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का कार्यभार सौंपा था।

कैबिनेट में फेरबदल के दो दिन बाद 8 जून को सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में तेजी के लिए मुख्यमंत्री द्वारा गठित मंत्रणा समूहों से भी सिद्धू बाहर हो गए थे। मुख्यमंत्री और सिद्धू के बीच गतिरोध को दूर करने का जिम्मा वरिष्ठ कांग्रेस नेता अहमद पटेल को सौंपा गया था। अमरिंदर सिंह ने पिछले महीने अपने दिल्ली दौरे के दौरान पटेल से मुलाकात की थी, लेकिन पार्टी ने इस बैठक को कथित तौर पर ''शिष्टाचार बैठक'' करार दिया था।

कैबिनेट में फेरबदल के बाद से सिद्धू और उनकी पत्नी नवजोत कौर मीडिया से दूरी बना हुए थे। हालांकि सिद्धू और उनकी पत्नी अमृतसर में लोगों से संपर्क में रहे। अब तक नए मंत्रालय का कार्यभार न संभालने वाले सिद्धू ने पिछले महीने कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी से मुलाकात की थी और उन्हें एक पत्र सौंपने के साथ ही ''स्थिति की जानकारी'' दी थी।

सिद्धू ने 10 जून को राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अहमद पटेल के साथ ट्विटर और फेसबुक पर एक तस्वीर भी साझा की थी। उन्होंने इसके बाद ट्विटर और फेसबुक पर कुछ भी साझा नहीं किया है।

## रूस की एस-400 वायु रक्षा प्रणाली के कलपुर्जे खरीद रहा है तुर्की

**इस्तांबुल।** अमेरिका की चेतावनियों के बावजूद तुर्की को दूसरे दिन भी रूस निर्मित वायुरक्षा प्रणाली के कलपुर्जे मिल रहे हैं। अमेरिका ने चेतावनी दी है कि अगर तुर्की ने रूस से हथियार खरीदने बंद नहीं किए तो वह नाटो सदस्य देश पर प्रतिबंध लगाएगा।

तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को ट्वीट किया कि राजधानी अंकारा के समीप मुर्तिद वायु अड्डे पर रूस का चौथा मालवाहक विमान उतर रहा है। मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि एस-400 मिसाइल प्रणाली के कलपुर्जों की बहु प्रतीक्षित सुपुर्दगी शुरू हो गई है। अमेरिका ने लगातार चेतावनी दी है कि अगर तुर्की ने एस-400 की खरीद नहीं रोकी तो वह उस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाएगा और उसे एच-35 लड़ाकू विमान भी नहीं देगा। तुर्की ने अमेरिका के दबाव के आगे झुकने से इनकार करते हुए कहा कि उसकी रक्षा खरीद राष्ट्रीय संप्रभुता का विषय है।

## शाह ने अधिकारियों को बाढ़ को लेकर बिल्कुल सतर्क रहने और प्रभावित राज्यों सहायता उपलब्ध कराने को कहा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के विभिन्न हिस्सों में मौजूदा बाढ़ की स्थिति और उससे निपटने के लिए केंद्रीय मंत्रालयों / एजेंसियों तथा संबंधित राज्यों की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक के दौरान इंडिया मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट ने बताया कि पिछले 3-4 दिनों के दौरान, असम और बिहार में अत्यधिक भारी बारिश हुई है तथा अगले 48 घंटों में इन दोनों राज्यों में भारी बारिश की संभावना है।

महानिदेशक, एनडीआरएफ ने बताया कि बाढ़ प्रभावित राज्यों के संवेदनशील क्षेत्रों में बटालियन हेड क्वार्टर और रीजनल रिस्पांस सेंटर्स (आरआरसी) में अलर्ट पर रखी गई टीमों के अलावा 73 एनडीआरएफ की टीमें सभी आवश्यक उपकरणों के साथ पहले से तैनात हैं। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि एनडीआरएफ टीमों ने असम और बिहार में लगभग 750 लोगों को बचाया है।

केंद्रीय जल आयोग जानकारी दी कि असम में ब्रह्मपुत्र, बेकी, जीभरली, कटखल और बराक तथा बिहार में कमला, बागमती, महानंदा और गंडक नदियाँ गंभीर स्थिति में बह रही हैं। आईएमडी और सीडब्ल्यूसी दोनों नियमित अंतराल पर पूर्वानुमान बुलेटिन जारी कर रहे हैं। गृह मंत्रालय, एनडीआरएफ, भारत मौसम विज्ञानविभाग और केंद्रीय जल आयोगमें नियंत्रण कक्ष लगातार स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

समीक्षा के बाद, केंद्रीय गृह मंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए और बाढ़ प्रभावित राज्यों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए हर संभव उपाय करने का निर्देश दिया।

बैठक के उपरांत गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे हाईअलर्ट पर रहेंऔर राज्यों को सहायता प्रदान करें। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जान माल की सुरक्षा पर विशेष बल दिया है।

बैठक के दौरान केंद्रीय गृह सचिव, महानिदेशक, एनडीआरएफ, गृह मंत्रालय, केंद्रीय जल आयोग, भारत मौसम विज्ञान विभाग और सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## पाक की हर नापाक हरकत का देंगे जवाब : रावत



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने कहा कि पाकिस्तान के हर दुस्साहस का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा और किसी भी आतंकवादी गतिविधि को बख्शा नहीं जाएगा। कारगिल संघर्ष के 20 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में रावत ने कहा कि पाकिस्तानी सेना बार-बार दुस्साहस करती है, चाहे वह राज्य प्रायोजित आतंकवाद हो या भारत में घुसपैठ करना। उन्होंने कहा, भारतीय सेना मजबूती से खड़ी है और हमारी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा का तैयार है। इसमें कोई संदेह ना हो कि हर दुस्साहस का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राज्येतर तत्वों का उदय और युद्ध में आतंकवाद का इस्तेमाल और अन्य अनियमित तरीकों का इस्तेमाल नया चलन बन गया है। सेना प्रमुख ने कहा कि साइबर और अंतरिक्ष डोमेन ने युद्धक्षेत्र का परिदृश्य बदल दिया है। रावत ने यह भी कहा कि आतंकवाद की किसी भी गतिविधियों को बख्शा नहीं जाएगा। रावत ने कहा, उड़ी और बालकोट आतंकवादी हमले के बाद किए गए हवाई हमले आतंकवाद गतिविधियों के खिलाफ हमारे राजनीतिक और सैन्य संकल्प को दर्शाता है। आतंकवाद की किसी भी गतिविधियों को बख्शा नहीं जाएगा। सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने शनिवार को लद्दाख के डेमचोक इलाके में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर किसी भी घुसपैठ की बात को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को फ्लैग मीटिंग में सुलझा लिया गया है। एक कार्यक्रम के मौके पर मीडिया से बात करते हुए, जनरल रावत ने कहा, इस मुद्दे को एक फ्लैग मीटिंग में उठाया गया था और सब कुछ सुलझा लिया गया है। आपको इस मिथक को दूर करने की आवश्यकता है कि चीनी द्वारा कोई घुसपैठ की गई है, क्योंकि यह हमारी सुरक्षा के लिए हानिकारक है।

## दक्षिणी फिलीपीन में भूकंप से 51 लोग घायल

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपीन में भूकंप से शनिवार को 51 लोग घायल हो गए और इससे कई इमारतें, गिरजाघर और अन्य भवन क्षतिग्रस्त हो गए। पौ फटने से पहले आए इस भूकंप से घबराकर लोग अपने घरों को छोड़कर भाग गए। भूकंप पूर्वोत्तर मिन्दानाओ द्वीप तट पर सुबह चार बजकर 42 मिनट पर आया। इसकी तीव्रता 5.8 मापी गई और अमेरिकी भूगर्भ सेवा के मुताबिक यह 11.8 किलोमीटर की गहराई में केंद्रित था।

## सीसीटीवी योजना में कुछ लोग पैदा कर रहे थे रुकावटें: केजरीवाल

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार की स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था के द्रष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे लगाने के फैसले पर अपनी मुहर लगा दी है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार की इस योजना पर रोक लगाने पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक से इनकार कर दिया है।

इसके बाद मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग शुरुआत से ही इस योजना में रुकावटें पैदा करते आ रहे हैं, लेकिन कोर्ट ने योजना पर रोक से मना कर दिया है।

बता दें कि स्कूलों में सीसीटीवी लगाने की शुरुआत हो गई है। सभी स्कूलों को इसके दायरे में लाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार के लिए शिक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक है। बच्चों की सुरक्षा और सिस्टम में पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने स्कूलों में सीसीटीवी लगाने का फैसला किया था। सितंबर 2017 में सीबीएसई ने भी सर्कुलर जारी कर स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए थे।